sciagrams, @ Re. 1/- per sciagram; Government propose to take steps for the mass production of these X-ray machines, which will be a boon to all Government hospitals and will also save foreign exchange?

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF INDUSTRIAL DEVELOPMENT IN THE MINISTRY OF INDUSTRY (SHRI M. ARUNACHALAM): Registrar, Jadavpur University, Calcutta and Electronics Commission, New Delhi had filed a Patent Application with the Patent Office, Calcutta for their invention titled 'A process for producing a picture frame having an image imprinted thereon and an apparatus therefor. A patent was granted on 12th February 1988 vide Specification No. 157221. No specific proposal/application for commercial production of the invention has been received by this Ministry.

ग्रामीण क्षेत्रों में संचार व्यवस्था

1222. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव** : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) ग्रामीण क्षेत्रों में, जो हमारी जनसंख्या का 75 प्रतिशत है, संचार व्यवस्था को सुदृढ़ करने के संबंध में अगले वर्ष के लिए क्या योजना है और योजना में इस प्रयोजन के लिए कितनी धनराशि आबंटित की गई है ; और

(ख) गत तीन वर्षों के दौरान इस दिशा में क्या उपलब्धियां प्राप्त की गयी हैं ?

ऊर्जा मंत्री और संचार मंत्री (श्री वसंत साठे) :

डाक विभाग

(क) वार्षिक योजना 1988–89 के अंतर्गत देश के ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 3000 डाकघर खोलने का प्रस्ताव है। इस उद्देश्य से योजना आयोग ने 3.4 करोड़ रुपए का परिव्यय अनुमोदित कर दिया है।

(ख) पिछले 3 वर्षों के दौरान देश के ग्रामीण क्षेत्रों के लिए स्वीकृत किए गए डाकघरों की संख्या इस प्रकार है :—

1985–86	5
1986–87	7
1987–88	980

दूरसंचार विभाग

(क) वर्ष 1988–89 के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में दूरसंचार प्रणाली को मजबूत बनाने के लिए योजनाएं इस प्रकार हैं :—

I. **वास्तविक** :

1. खोले जाने वाले लम्बी दूरी के सार्वजनिक टेलीफोनघर : 2400

2. **ग्रामीण एक्सचेंज**

(i) 20 मैनुअल एक्सचेंजों को इलैक्ट्रॉनिक एक्सचेंजों द्वारा बदलना।

(ii) 380 स्ट्रोजर एक्सचेंजों को इलैक्ट्रॉनिक एक्सचेंजों द्वारा बदलना।

(iii) कम क्षमता वाले 800 स्ट्रोजर एक्सचेंज खोलना।

(iv) 50 छोटे इलैक्ट्रॉनिक्स ऑटोमैटिक एक्सचेंज खोलना।

II. **वित्त** :

देश में दूरसंचार सेवाओं के विकास के लिए वर्ष 1988–89 हेतु सरकार ने 1700 करोड़ रुपए का योजना परिव्यय अनुमोदित किया है। ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए अलग से कोई आबंटन नहीं किया गया है। तथापि, ग्रामीण क्षेत्रों में दूरसंचार सेवाओं के प्रावधान के लिए सातवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान कुल योजना परिव्यय का औसतन लगभग 7 प्रतिशत खर्च करने की योजना है।

(ख) पिछले तीन वर्षों के दौरान उपलब्धियां नीचे दी गयी हैं :—

कार्य का नाम	1984–85	1985–86	1986–87
1. खोले गए लंबी दूरी के सार्वजनिक टेलीफोन-घर	2709	1509	1558
2. खोले गए छोटे एक्सचेंज	654	678	813

पेट्रोल पम्पों द्वारा पेट्रोल कम माप में दिया जाना

1223. **श्री सुरेश पचौरी** : क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को पेट्रोल पम्पों द्वारा पेट्रोल कम माप से दिये जाने से संबंधित शिकायत प्राप्त हुई है ;

(ख) यदि हां, तो सरकार ने इस संबंध में क्या कदम उठाये है ; और

(ग) क्या सरकार सभी पेट्रोल पम्पों पर इलेक्ट्रानिक डिजिटल मीटरों की स्थापना करना अनिवार्य बनायेगी ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में उपमंत्री (श्री रफीक आलम) : (क) पेट्रोल पम्पों द्वारा कम पेट्रोल मापने के संबंध में शिकायतें प्रायः मिलती रही हैं ।

(ख) तेल कम्पनियों तथा तोल एवं माप विभाग वाले पेट्रोल पम्पो पर नियमित रूप से अचानक छापे मारते/निरीक्षण करते रहते हैं और दोषी पाए जाने वाले पेट्रोल पम्पों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाती है ।

(ग) जी, नही ।

इलाहाबाद, मिर्जापुर और फतेहपुर जिलों में रसोई गैस कनैक्शन के लिए पंजीकरण

1224. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय** : क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 15 फरवरी, 1988 तक उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद, मिर्जापुर और फतेहपुर जिलों में रसोई गैस कनैक्शन की सप्लाई हेतु कितने व्यक्तियों ने पंजीकरण कराया है ; और

(ख) उन्हें रसोई गैस कनेक्शन कब तक मिलने की संभावना है ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में उपमंत्री (श्री रफीक आलम) : (क) 15 फरवरी, 1988 तक एल० पी० जी० कनेक्शनों के लिए अपना नाम दर्ज कराने वाले व्यक्तियों की संख्या इस प्रकार है :—

इलाहाबाद	31,300
मिर्जापुर	4,885
फतेहपुर	4,874

(ख) एल० पी० जी० की उपलब्धता तथा बाटलिंग क्षमता में वृद्धि होने पर तेल उद्योग द्वारा इलाहाबाद, मिर्जापुर और फतेहपुर सहित पूरे देश में चरणबद्ध रूप से अपने वार्षिक एवं उपभोक्ता नामांकन कार्यक्रम के अंतर्गत नए कनेक्शन जारी किए जाते हैं ।

रसोई गैस सिलिंडरों की कालाबाजारी

1225. **श्री सुरेश पचौरी** : क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इन तथ्यों की जानकारी है कि दोहरी मूल्य प्रणाली